आधुनिक भारत का इतिहास

राष्ट्रवाद

(खंड-3)

-मणिकांत सिंह

1. 1904 ई० में क्रांतिकारियों की गुप्त सभा ‘अभिनव भारत’ का गठन किसने किया था?

(a) अरबिन्दो घोष
(b) विपिन चन्द्र पाल
(c) रास बिहारी बोस
(d) वी. डी. सावरकर

2. स्वतंत्रता आन्दोलन के दौरान भारतीय मुसलमान सामान्य रूप से उग्रवादी आन्दोलन की तरफ आकृष्ट नहीं हुए, इसका मुख्य कारण था?

(a) मुसलमानों पर सैयद अहमद खां का प्रभाव होना।

(b) उग्रवादी नेताओं का मुस्लिम विरोधी होना।

(c) मुस्लिम शिक्षा के प्रति उदासीनता का भाव।

(d) उग्रवादियों द्वारा हिन्दू अतीत पर बल दिया जाना।

3. निम्नलिखित घटनाओं को बढ़ते हुए कालक्रम में सजाइए–

1. अनुशीलन समिति की स्थापना
2. अलीपुर षड्यंत्र केस
3. गदर पार्टी की स्थापना

(a) 1, 2, 3 (b) 2, 3, 1

(c) 1, 3, 2 (d) 2, 1, 3

4. निम्नलिखित में कौन गदर पार्टी के संस्थापक माने जाते हैं?

1. लाला हरदयाल
2. भाई परमानंद
3. जतीन मुकर्जी
4. सोहन सिंह भाखना

(a) 1, 2, 4
(b) 1, 3, 4
(c) 1, 2, 3, 4
(d) 2, 3, 4

5. वर्ष 1907 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के विभाजन का मुख्य कारण क्या था?

(a) लॉर्ड मिन्टो द्वारा भारतीय राजनीति में साम्प्रदायिकता का प्रवेश कराना।

(b) ब्रिटिश शासन के विरूद्ध प्रतिरोध के मुद्दे पर उदारवादी तथा उग्रवादियों के दृष्टिकोण में मौलिक मतभेद।

(c) मुस्लिम लीग की स्थापना।

(d) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अध्यक्ष निर्वाचित हो सकने में अरविंद घोष की असमर्थता।